सभी पत्रादि निदेशक के पते से भेजे जाने चाहिए
Correspondence to be addressed to the Director and not to any Officer by name
फ़ैक्स/ **Fax: (03712) 258534**
दूरभाष/**Tel:Civ(03712) 258534, 258508,258836**

भारत सरकार /Govt of India
रक्षा मंत्रालय /Ministry of Defence
रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन
Defence Res & Dev Organisation
रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला
DEFENCE RESEARCH LAB
पोस्ट बैग संख्या /Post bag No. 2
तेजपुर (असम) TEZPUR (Assam) –784001

संख्या/No.:1068/हिन्दी/डीआरएल/संगोष्ठी/2021

दिनांक /Date 7 फरवरी 2021

सेवा में,

निदेशक
सभी प्रयोगशालाएं/स्थापनाएं

विषय :अखिल भारतीय संयुक्त राजभाषा वैज्ञानिक एवं तकनीकी संगोष्ठी 2021

महोदय/महोदया

हमें यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि बालासोर क्लस्टर कि पाँच प्रयोगशालाएं/ स्थापनाएं (डी आर एल ,पी एक्स ई ,आई टी आर,डी आई सी एवं सी सी ई) संयुक्त रूप से 15-16 मार्च 2021 को दो दिवसीय अखिल भारतीय संयुक्त राजभाषा वैज्ञानिक एवं तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन कर रही है। जिसमे मुख्य आयोजक की भूमिका इस बार रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला,तेजपुर निभा रही है।

संगोष्ठी के मुख्य विषय : आत्मनिर्भर भारत एवं आधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी
अन्य उप-विषय :

1. आत्म निर्भर भारत
2. सीमावर्ती क्षेत्रों की समस्याएं एवं उनके समाधान
3. कोरोना वाइरस एक जैविक हथियार: सच्चाई और प्राकृतिक आपदा
4. पर्यावरण संरक्षण तथा आपदा प्रबंधन
5. राष्ट्रीय एकता में हिन्दी की भूमिका

इस संगोष्ठी से संबन्धित सूचना सभी विवरणों के साथ संगोष्ठी विवरणिका में इस पत्र के साथ संलग्न है। आपसे अनुरोध है की संगोष्ठी में भाग लेने के लिए अपनी प्रयोगशाला/स्थापना/संस्थान से कम से कम दो प्रतिभागी नामित करने का कष्ट करें। साथ ही संबंधित विषय पर उनके हिन्दी में शोध पत्र/ लेख संचार डाक (ई-मेल) द्वारा **24 फरवरी 2021** से पहले भेजने की कृपा करें। सभी लेख यूनिकोड हिन्दी मंगल फॉन्ट (साइज़ 14) में टंकित कर सॉफ्ट कॉपी एमएस वर्ड फ़ारमैट में ही भेजने की कृपा करें । लेखों को स्मारिका के रूप में प्रकाशित करवाया जाना है,अतः सभी शोध पत्र/लेख जल्दी से जल्दी भेजे जाने के लिए अनुरोध है । भाग लेने वालों की पुष्टि संबंधी सूचना पूर्व अग्रेषित किया जाए ताकि समय पूर्व व्यवस्था की जा सकें।

संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए आपके अमूल्य सहयोग की आकांक्षा है।

संलग्न : संगोष्ठी पंफ्लेट

(डॉ एस चैटर्जी)
आयोजन सचिव,संगोष्ठी
कृते,निदेशक
ई मेल drlrajbhasha@gmail.com